हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 15 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 38.4 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

11 अंत्योदय के लिए सरकार ने लागू की योजनाएं ....

12 सुचारु रूप से हुई प्रवेश परीक्षाएं आज भी होंगी ...


### शहर में आज

- सिविल अस्पताल में डॉक्टर्स की 2 घंटे की हड़ताल।
- लघुसचिवालय परिसर में उपायुक्त अजय कुमार समाधान शिविर में सुनेंगे समस्याएं।
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।

### खबर संक्षेप

#### मीठे पानी की छबील और प्रसाद वितरण आज

**रोहतक।** पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 15 जुलाई को सुबह 10 बजे गोहाना अड्डे पर मीठे पानी की छबील लगाई जाएगी। कपिल नागपाल ने बताया कि इसके अलावा आलू का प्रसाद भी वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि घनीपुरा में नेत्रहीन बच्चों के स्कूल में केक कट और उनको खाना खिलाकर जन्मदिन मनाया जाएगा।

#### शास्त्रीय नृत्य के ऑडिशन के लिए 15 तक करें आवेदन

**रोहतक।** डीसी अजय कुमार ने बताया कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित शास्त्रीय नृत्य, कथक तथा भरतनाट्यम पर आधारित 12 दिवसीय कार्यशाला एवं एक दिवसीय कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। हरियाणा मूल के युवा, उभरते कलाकार, जिनकी आयु 15 से 35 वर्ष हो इसमें भाग ले सकते हैं।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली को पदभार संभलवाने के बाद पत्रकारों से रूबरू हुए मुख्यमंत्री

# कांग्रेस राज में तीन 'बी' बदली, भर्ती और भ्रष्टाचार: नायब सैनी

**चेतावनी:** अपराधी या तो अपराध छोड़ दे या प्रदेश छोड़कर चले जाए ▶▶ किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा, होगी सख्त कार्रवाई

- कांग्रेस ने घोषणा पत्र में जनता से किए वादे पूरे नहीं किए
- भाजपा की सरकार ने बिना पर्ची-बिना खर्ची के एक लाख 32 हजार नौकरियां प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि कांग्रेस के शासनकाल में हरियाणा में तीन बी पूरी तरह से हावी थे यानी बदली, भर्ती व भ्रष्टाचार। उन्होंने कहा कि बिना पैसे लिए दिए ना तो ट्रांसफर होती थी और ना ही किसी को सरकारी नौकरी मिलती थी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने घोषणा पत्र में जनता से किए वादों को पूरा नहीं किया। जनता कांग्रेस शासनकाल के दौरान त्राहि-त्राहि कर रही थी। उन्होंने बताया कि मौजूदा भाजपा की सरकार ने प्रदेश में बिना पर्ची-बिना खर्ची के एक लाख 32 हजार नौकरियां प्रदान की है। साथ ही उन्होंने रोहतक से अपराधियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि वे या तो अपराध का रास्ता छोड़ दें अथवा प्रदेश छोड़कर चले जाएं। मुख्यमंत्री मंगल कमल भवन में पार्टी के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली को पदभार संभलवाने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान प्रदेश में अपराध के ज्यादा आंकड़े थे और एफआईआर भी दर्ज नहीं की जाती थी जबकि वर्तमान में तत्पर्ता से एफआईआर दर्ज हो रही।



रोहतक। कार्यकर्ताओं को अभिवादन करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व अन्य।



भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली को गदा भेंट करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व कार्यकर्ता।

### अपराधियों पर लगाम के लिए सख्त कार्रवाई

सरकार द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के दस वर्ष के शासनकाल के दौरान प्रदेश में बदली, भर्ती व भूमि में भ्रष्टाचार किया गया। कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने आम जनता को झूठ बोलकर गुमराह किया है तथा काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है। भाजपा के कार्यकर्ता घर-घर जाकर कांग्रेस पार्टी के झूठ को बेनकाब करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा देश में आपातकाल लागू किया गया तथा इस दौरान प्रेस का भी गला घोटा गया।

### कार्यकर्ता से प्रदेशाध्यक्ष बने बड़ौली

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष पूरी निष्ठा के साथ पार्टी की मजबूती के लिए कार्य कर रहे हैं, जिन्होंने बूथ स्तर से कार्यकर्ता के तौर पर शुरूआत की थी। उन्होंने कहा कि वे प्रदेशाध्यक्ष के साथ मिलकर संगठन को मजबूत करेंगे तथा प्रदेश में तीसरी बार बहुमत की सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा के विकास को और गति मिलेगी। सरकार द्वारा संत-महात्माओं के विचारों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए संत-महात्माओं की जयंतियों का राज्य स्तर पर आयोजन किया जा रहा है ताकि युवा पीढ़ी तक देश का इतिहास पहुंच सके।

### 313 मंडल स्तरों पर करेंगे प्रवास

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि वे पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाएंगे तथा पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करेंगे। कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जन-जन को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे ताकि सभी पात्र व्यक्ति उन योजनाओं का लाभ उठा सके। संगठन द्वारा विभिन्न स्तरों पर बैठकें आयोजित की जाएगी। सभी 313 मंडल स्तरों पर प्रवास भी रहेगा।

### डबल इंजन की सरकार तेजी से कार्य कर रही



पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने थाईलैंड से अपराधी को लाने के लिए पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि पुलिस तत्परता के साथ कार्य कर रही है। हर 20 किलोमीटर के दायरे में राजकीय महाविद्यालय खोले गए हैं, ताकि बेटियां उच्च शिक्षा ग्रहण कर सके। इसी प्रकार से जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है उन सब परिवारों की बेटियों की पढ़ाई का खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों को मौजूदा डबल इंजन की सरकार ने ही 100 गज के प्लाटों का न केवल कब्जा दिलवाया है बल्कि उनके कागजात भी उपलब्ध करवाए है

### तीसरी बार बनेगी भाजपा की सरकार : बड़ौली

भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा की मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कार्यकर्ताओं की भावनाओं को समझते हुए उन्हें पूरा मान-सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में भी विशुद्ध रूप से कार्यकर्ताओं को सम्मान देने वाली भाजपा की सरकार प्रदेश में तीसरी बार बनेगी।

### अनुसूचित जाति के हित पूरी तरह सुरक्षित

मंत्री बिशम्बर सिंह तथा राज्यसभा सांसद कृष्ण पवार ने कहा कि भाजपा की सरकार में अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के लोगों के हित पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के नेताओं ने अनुसूचित जाति के लोगों को झूठी बातों के आधार पर बरगलाने का काम किया।

### ये रहे मौजूद


इस अवसर पर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामविलास शर्मा, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतोष यादव, पूर्व सांसद डॉ अरविंद शर्मा, डॉ अशोक तंवर, पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स, प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, प्रदेश सचिव कैप्टेन भूपेंद्र सिंह, रेनू डाबला, जिला परिषद अध्यक्ष मंजू हुड्डा, धर्मवीर मिर्जापु,र प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक, झज्जर जिला के अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, रोहतक के अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका, जिला मीडिया प्रभारी तरुण सनी शर्मा व नवीन राठी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कई नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

मोहन लाल बड़ौली के पदभार ग्रहण समारोह में कांग्रेस व जजपा के नेताओं ने समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली की उपस्थिति में भाजपा का दामन थामा। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भाजपा में शामिल होने वाले अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य, अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक और यूथ कांग्रेस में रह चुके राजकुमार कटारिया, पूर्व जिला पार्षद गंगा सिंह व पूर्व जिला पार्षद मीनू शर्मा, तथा परविन्द्र लाठर को भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।



# साहित्य



*जब मैंने प्रेम किया तो मुझे लगा जीवन आकर्षण है जब मैंने भक्ति की तब मुझे लगा जीवन समर्पण है । जब मैं बैठा था तो समझता था कि जीवन उपस्थिति है जब मैं खड़ा था तब समझता था कि जीवन स्थिति है ।*

**-गोपालदास नीरज**

*सुग्गा ने उसे बताया कि आखिर क्यों एक संकीर्ण मानसिकता के चलते दोनों पेड़ काट दिए गए। चिरकाल की सामाजिक, राजनीतिक और नैतिक मान्यताओं का समुच्चय एक साथ भगत पंडित के मस्तिष्क में उभर आया। वक्त बीतता गया। अंततः भगत पंडित गाँव का सरपंच बना। अब उसने अपनी दौड़ को राजधानी तक कर लिया है। इधर सुग्गा को अब भी चबूतरे पर दोनों पेड़ों के फिर से जिंदा होने का इंतजार है। लेकिन पेड़ कहाँ हैं?*



**कहानी** | **डॉ. एस.डी. वैष्णव**

# पेड़ कहाँ हैं

अगर मंदिर पर से एक भी पेड़ काटा, तो ठीक नहीं होगा। भगत पंडित ने बुलेट बाइक से उतरते ही आवाज मुखर की। 'तुम लोगों ने लगाए पेड़ जो काटने चले आए! अरे, पुरखों की विरासत है यह दोनों। मैं देखता हूँ, कौन काटता हैं!' अपने तल्ख लहजे में उसने सबको आगाह किया।



भगत पंडित गाँव में युवा नेता था। सबके हित की बात करता और कहीं अनुचित होता देखता, तो लड़-भिड़ जाने को तत्पर रहता। मुँह फट आदमी था। एक बार खरी कह दी, सो कह दी। उसके वहाँ आते ही मंदिर पर जमा लोगों को जैसे साँप सूंघ गया। उसने कहा, 'पेड़ लगाने के जमाने में पेड़ काटने पर आमादा हो रहे हो!' उसका बोलना हुआ कि सब आगे-पीछे होने लगे।

भगत पंडित की वजह से कुछ पल चबूतरे पर सन्नाटा पसरा रहा। बड़बड़ाते जाते हुए, उसने कश्मीरी मफलर को गले में ठीक से लपेटा। फिर बाइक को किक लगाई। बाइक डुबू-डुबू-डुबू-डुबू करती हुई, आगे निकल गई।

बाइक के लॉन्ग स्ट्रोक इंजन से आती गहरी गड़गड़ाहट देर तक चबूतरे पर सुनाई देती रही। इंजन से आती उस ध्वनि में चेतावनी की गूँज भी मौजूद थी।इधर घर आने के बाद पेड़ों को लेकर भगत पंडित का मन थोड़ा विचलित था।

गाँव के हनुमान मंदिर के लंबे-चौड़े चबूतरे पर अक्सर युवाओं और बुजुर्गों की बैठकें होती रहती थीं। चबूतरे के दोनों कोनों पर खड़े विशालकाय पीपल और नीम का वृक्ष अपने अतीत की गौरव गाथा स्वयं बयां करते थे। रामलीला का मंचन हो, चाहे अखंड रामायण पाठ, चाहे गाँव में यदा-कदा आने वाले छोटे-मोटे राजनेताओं का सम्मान और भाषण कार्यक्रम आदि इसी चबूतरे पर आयोजित होते। गाँव में जब कभी वानर साम्राज्य का आगमन होता, तब वे कई दिनों तक इन दोनों पेड़ों को अपना घर मानकर, डेरा जमाए रहते जो नित्य छोटे बच्चों के लिए कौतूहल का केंद्र बनते।

शीतकाल में चबूतरे पर बनी धूणी पर अलाव लगाया जाता, फिर देर तक बहस चलती- गाँव में कौन क्या कर रहा है, किस-किसी ने कहाँ-कहाँ अपना खूँटा गाड़ रखा है, कहाँ विवाह है और कहाँ मृत्युपरांत होनेवाली बैठकें..इन सब बातों की जानकारी चबूतरे पर मौजूद थी। कुछ पढ़े-लिखे युवा मृत्युभोज का विरोध करते, तो उन्हें चबूतरे की बैठकों से दुत्कार दिया जाता। आरोप लगाया जाता कि ज्यादा पढ़-लिख गए हैं, अब परंपरा को बिसराने की बात कर रहे हैं। बारह दिन का चाल-चलन तो करना ही पड़ता हैं, अन्यथा मृत आत्मा को शांति नहीं मिलती है।

गाँव में दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के समर्थक बराबर रूप से मौजूद थे। एक बार शीतकाल में रूस-यूक्रेन युद्ध का मुद्दा कई दिनों तक अलाव के आसपास मंडराता रहा। युद्ध लंबा चला, लिहाजा बहस भी लंबी चली। बहस का जब राजनीतिकरण होने लगता, तो बात हाथापाई तक भी आ जाती थी।

खैर, यह मन-मुटाव ज्यादा दिन नहीं चलता और किसी बहस के साथ फिर नयी शुरुआत होती। कुछ दिन बाद चबूतरे पर से अफ़वाह भरी यह खबर भी उठने लगी थी कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का संबंध तो राजस्थान से है। और इन सब बातों के मुख्य गवाह यह दोनों पेड़ ही थे।

समय के पड़ाव के साथ चबूतरे पर टीन शेड डालने की योजना बनी, तो सालों से अपनी बाँहें फैलाए अटल विश्वास के साथ खड़े दोनों विशालकाय पेड़ों को धराशायी होना पड़ा।

भगत पंडित के साथ कुछ और लोगों ने भी इस बात का मजबूती के साथ विरोध किया कि नीम के अपने औषधीय गुण हैं, ऊपर से शीतला माता नीम के नीचे ही विराजित हैं। और पीपल का पेड़ तो किसी भी स्थिति में काटना अपशगुन माना जाता है। पीपल का वृक्ष भगवान विष्णु का जीवंत स्वरूप है, इसलिए इनको यथावत रखा जाए। फिर महिलाओं को दशामाता पूजन के लिए भी पीपल का वृक्ष चाहिए! बहन-बेटियां गाँव से बाहर कहाँ जाएंगी!

खैर, इन तर्कों का कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला, क्योंकि टीन शेड डालने वालों की तरफ ज्यादा लोग थे। उनका पक्ष मजबूत था। भगत पंडित को सरपंच पद पर निर्विरोध विजय बनाने का आश्वासन मिला, तो उसने भी अपनी जुबान बंद कर दी। अंततः दोनों पेड़ों को टीन शेड के नाम पर जमींदोज होना पड़ा। पक्षियों के घरौंदे जमीन पर बिखर गए और दोनों पेड़ गाँव वालों की यादों में रह गए।

टीन शेड लगा। फिर पंखे भी लगाए गए, लेकिन उन दोनों पेड़ों जैसी शीतल छाया वाली बात अब कहाँ थी..! सुबह-शाम होने वाला पक्षियों का कलरव भी खत्म हो गया था। संध्या वेला में आरती के समय नीम पर दिखने वाला सारंग और सुर्ख गुलाबी रिंग वाला सुग्गा भी अब नजर नहीं आएंगे। पीपल में तो पितरों और तीर्थों का वास होता है, पर अब यह सब अनुभूति कहाँ होंगी! औरतें कहाँ पूजा करेंगी! बड़ी गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई थी।

भगत पंडित के जहन में कवि बिलाल 'वास्कोडिगामा' की पंक्तियाँ तरी हो रही थीं- 'परिंदे नहीं लड़ते पेड़ों से, गौर से देखोड्ड.लड़ रही हैं कुछ भूखी कुल्हाड़ियाँ, पेड़ों के बदन से।'

भगत पंडित ने भीतर से आहत होते हुए भी इस पूरे प्रकरण पर अपनी आँखें मूंदें रखीं, लेकिन सुग्गा की आँखें खुली थीं। इस घटना में कई पक्षियों के साथ उसकी प्रेयसी की भी मौत हो गई थी। नीम कटते वक्त वह कोटर में मौजूद थी। सुग्गा अमेजॉन प्रजाति का बड़ा विचित्र पक्षी था जो लंबे समय से नीम के कोटर में अपनी प्रेयसी के साथ रह रहा था। उसके पास मनुष्यों के भाषण और ध्वनि संकेत को समझने की दिव्य शक्ति थी; लेकिन गाँव में यह बात किसी को मालूम नहीं थी।

एक बार रात के अंतिम पहर में भगत पंडित ने स्वप्न में देखा कि एक रहस्यमयी सुग्गा उसके द्वारा पर बैठा है। वह उसे गाँव के उन षड्यंत्रकारी लोगों के बारे में बताना चाहता है जो उसे चुनाव में एकतरफा विजय बनाने का आश्वासन दे चुके थे। और आगे उनका राजनीतिक हथकंडा और एजेंडा क्या है? उसे मोहरा बनाकर पेड़ काट दिए गये। सुग्गा ने उसे यह भी बताया कि राजनीति का उसूल है- बड़े बरगद के नीचे छोटा बरगद कभी पनप ही नहीं सकता। और भी बहुत कुछ था उस स्वप्न में...।

स्वप्न ने भगत पंडित को झकझोर दिया। पसीने की बूंदें उसके चेहरे पर तैर आईं। वह उठ बैठा। अपना हुलिया दुरुस्त किया और देखा कि वह अपने कमरे में ही मौजूद है। उसने घड़ी में देखा, अभी दिन फूटने में वक्त था। सपने कौनसे सच होते हैं! यही सोचकर वह फिर से कंबल तानकर सोये रहा।

सुबह जब वह घर से बाहर निकाला तो हतप्रभ था। उसने देखा, सुग्गा ठीक स्वप्न वाली जगह पर बैठा था। भगत पंडित को देख, वह उड़कर मंदिर की ओर चला गया।

भगत पंडित के भीतर द्वंद्व चलने लगा। आखिर कौन है बड़ा बरगद! जो भी हो, वह उससे लोहा लेकर ही रहेगा। पेड़ों के कट जाने का पश्चाताप उसे होने लगा। उसने निश्चय किया कि वह टीन शेड हटवाकर पुनः पीपल और नीम का वृक्ष लगाएगा।उसने अपनी बुलेट बाइक स्टार्ट की और मंदिर की ओर चला। वहाँ उसने देखा, सुग्गा मंदिर के गुंबद पर बैठा था।

कुछ दिन आगे एक बार फिर स्वप्न में सुग्गा ने उसे बताया कि आखिर क्यों एक संकीर्ण मानसिकता के चलते दोनों पेड़ काट दिए गए। चिरकाल की सामाजिक, राजनीतिक और नैतिक मान्यताओं का समुच्चय एक साथ भगत पंडित के मस्तिष्क में उभर आया।

वक्त बीतता गया। अंततः भगत पंडित गाँव का सरपंच बना। अब उसकी ठसक और रंग-ढंग अलग है। धीरे-धीरे आगे भगत पंडित को विधायकी के टिकट का भी आश्वासन मिलने लगा है। अब उसने अपनी दौड़ को राजधानी तक कर लिया है। इधर सुग्गा को अब भी चबूतरे पर दोनों पेड़ों के फिर से जिंदा होने का इंतजार है। लेकिन पेड़ कहाँ हैं?

---

**चौपाई छंद** | **शकुन्तला काजल 'शकुन'**



## संत कबीर दास

ज्येष्ठ मास की पूरण मासी।
नीरू-नीमा तजें उदासी।।
कारण था नन्हा -सा बालक।
आज बने थे जिसके पालक।।

मगहर की धरती मतवाली।
चारों और दिखी खुशहाली।।
ज्यों -ज्यों बढ़ता गया कबीरा।
ज्ञान -ध्यान में तपा शरीरा।।

निर्गुण ज्ञान मार्ग अपनाया।
तज पाखंड विरोध जताया।।
नित बुराइयों की जड़ खोदी।
बहुतेरे जन बने विरोधी।।

इनके शिष्यों ने बतलाया।
नहीं कभी गुस्से में पाया।।
सत्य- अहिंसा के पथ गामी।
अलबेले थे अंतर्यामी।।

जब-जब इनको गया सराहा।
बेबस और गिराना चाहा।।
शेख तकी ने नफरत बो दी।
ईश्वर ने जिह्वा ही खो दी।।

सबद, रमैनी इनके दोहे।
जो हर प्राणी का मन मोहे।।
कबीर बीजक, कबीर साखी।
तैर गए जिस- जिसने चाखी।।

---

**कविता** | **निधि राठी**



## पुराना मकान

एक घर था जो ढह गया,
एक वक्त था जो बीत गया,
दीवारों से खिलखिलाहट झड़ने लगी है,
मेरी यादें मुझे मुंह मोड़ने लगी है।

सब कुछ तो छोड़ जाना है एक दिन,
फिर क्या तेरे संग क्या तेरे बिन,
ऐसे गिन कर दिन गुजार रही हूं,
मानो किसी का क़र्ज़ उतार रही हूं।

वो रह गया अंदर जो कहना था,
कुछ सह चुके थे,
पर शायद अभी और सहना था,
आंगन में नीम का पेड़ मुरझाने
लगा है,
गांव की गलियां सुनसान देखी,
लगा गांव भी शहर सा होने लगा है।

तस्वीर टूटने वाली है,
कांच बिखरने वाला है,
एक तूफ़ान सब बरबस हो जाएगा,
रोक ले नहीं तो पराया हो जाएगा।

खौंफ आता है इन दरारों से,
जो मेरी चौखट में आई है,
वो दूर खड़ी जो हंस रही है,
मैं हूं या मेरी परछाई है।

दरवाजा बंद नहीं होता,
शायद अकड़ गया है,
देखकर इस पुराने मकान की
हालत मेरा दिल बैठ सा गया है,
मकड़ी के बनाए जाल इस
बात का गवाह है,
वीरान रहा, बारिश, ठंड, धूप,
आंधी सब अकेला ही सहता रहा।

खिले फूल किसी एक कोने में
चुपचाप लहराते रहे,
संदूकों में जंग लग गया,
वो कपड़े, गहने यूं ही सड़ते रहे,
मैं जाऊंगी इस जहां से तो
सबको बता कर जाऊंगी,
किला ढह जाएगा, शोहरत मलबे में
दब जाएंगी, रुतबा बिखर जाएगा,
जमीने भी लूट ली जाएंगी।

---

**ग़ज़ल** | **श्रीभगवान बव्वा**



क्या हुआ है आपकी नाराज़गी क्यों चल रही है,
छोड़ भी दे दुश्मनी को उम्र भी अब ढल रही है ।

यह नहीं मालूम मुझको दोष जिसका भी रहा हो,
नफरतों की आग लेकिन बस्तियों में जल रही है।

हैं बने अब खास देखो न्याय के वे भी पुरोधा,
पीढ़ियों से कौम जिनकी ज़ुल्म की दल दल रही है।

छोड़कर उसको बुढ़ापे में कहीं मत और जाना,
माँ तेरी हरदम से तेरे प्यार में पागल रही है।

काश उसको तुम सिखाते वह बहुत मजबूत होती,
आज बेबस जो बेचारी हाथ खुद के मल रही है।

---

**कविता** | **भूपसिंह भारती**



## एक पेड़ मां के नाम

आओ बच्चों तुम्हें बताएं,
महिमा पेड़ महान की।
पग-पग पर ये सेवा करता,
निस्वार्थ हर इंसान की।

निकल बीज से धीरे धीरे,
पौध पेड़ में पनपता है।
फैलाकर ये बाहें अपनी,
फूलों से लदा महकता है।
पेड़ हरे फिर बाधा सारी,
देखो इस पूरे जहान की।

अपनी शीतल परछाई से,
गर्मी को दूर भगाता है।
ये मीठे-मीठे फल देकर,
मन को खूब लुभाता है।
हरदम खुशियों से भर देता
खुशियों की झोली भर दे,
ये बिन मांगे अंजान की।

कार्बनडाइऑक्साइड ले,
दे ऑक्सीजन जीवनदायी।
मरकर भी ये ईंधन देता,
जीवन इसका है फलदायी।
ये नहीं भेद करता कोई,
अद्भुत माया भगवान की।

बिन पेड़ों के होने लगे,
जग में घने अंधेरे है।
कंक्रीटों के इन जंगलों से,
बढ़ रहे प्रदूषण घेरे हैं।
जीवन बचाने को बनो कड़ी,
इस पौधगिरी अभियान की।

एक पेड़ मां के नाम पर,
जरूर लगे हर आंगन बीच।
आने वाली पीढ़ी को बचाने,
पेड़ को मन लगाकर सींच।
कहे 'भारती' तभी बचेगी,
जिंदगी भावी संतान की।

---

**लघुकथा** | **सविता गोयल**



## फर्ज

'क्या फायदा इतना पढ़ लिखकर इसी देश में रहने का? इतने बड़े डॉक्टर बन गए हो तुम। विदेश में एक से बढ़कर एक मौके मिलेंगे तुम्हें आगे बढ़ने के।,

' हाँ चाचा, आगे बढ़ने के मौके तो मिलेंगे लेकिन अपने देश की सेवा करने का मौका मुझे नहीं मिलेगा। जिस देश में रहकर मैंने शिक्षा प्राप्त की है अब यहीं रहकर उस देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाना चाहता हूँ। '

भतीजे के बात सुनकर चाचा ने गर्व से उसकी पीठ थपथपा दी।

' अगर हर बच्चा तुम्हारे जैसी सोच रखे तो हमारे देश को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। '

---

**लघुकथा** | **शीला बड़ोदिया**



## वो गाय

स्कूल की घंटी बजी। नीला बोली, पावी आज मां को खाना बनाने में देर हो गई थी, इसलिए मैं टिफिन नहीं लाई हूं। घर जाकर लंच बॉक्स लेकर आते हैं। स्कूल के बाहर निकल कर पावी बोली, देखो नीला, उस गाय के पेट में कितनी बड़ी गांठ है। वह गांठ के वजन के कारण ठीक से चल भी नहीं पा रही है। हाँ पावी, बेचारी गाय को कितनी तकलीफ हो रही होगी, कितना दर्द हो रहा होगा चलने में। हम तो बोल कर अपनी तकलीफ बता सकते हैं ,लेकिन यह बेजुबान जानवर अपनी तकलीफ किस को कहे और उनकी तकलीफ कौन समझेगा । चलो नीला जल्दी चलो। लंच खत्म हो जाएगा हमें घर से टिफिन लेकर आना है। नहीं तो देर होने पर टीचर हमें डांट लगाएंगे । हां हां पावी चलो, चलते हैं। इतने में गाय उनके पीछे-पीछे भागने लगती है। आगे- आगे पावी और नीला भागते हैं। उनके पीछे-पीछे गाय भागने लगती है। पावी देखो पीछे, हां नीला, हमारे पीछे गाय भाग रही है । यह हमारे पीछे क्यों पड़ी है? हम तो इस पर दया करके उसकी बात कर रहे थे, कि इसे कितनी तकलीफ हो रही होगी, लेकिन यह तो हमारे पीछे ही पड़ गई। नीला जल्दी भागो, जल्दी नहीं तो गाय हमें मार देगी अपने बड़े-बड़े सींग से।

हमारा घर थोड़ी ही दूर रह गया है जल्दी भागो। दोनों की साँस फूल जाती हैं। दोनों नीला के घर पहुंच जाते हैं और गाय दौड़ते हुए आगे की तरफ निकल जाती है घर पहुंच कर पावी और नीला चैन की सांस लेती है । पावी आज तो हम बच ही गए। हां नीला अब हम कभी भी किसी गाय की बात नहीं करेंगे।

---

**सविता मानती हैं कि इस आधुनिक युग में साहित्य, लोक कला और संगीत एक दायरे में सिमट कर रह गए हैं और युवा पीढ़ी की कम होती रुचि का असर सामाजिक और संस्कृति नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। इसके जिम्मेदार हम ही हैं, जो सुविधाएं देने के नाम पर बच्चों को साहित्य, संस्कृति, और लोक कला से दूर कर रहे हैं। हास्य के नाम पर द्विअर्थी कविताएं परोसने से समाज पर बुरा असर पड़ रहा है।**

**साक्षात्कार** | **ओ.पी. पाल**

# आधुनिक युग में साहित्य व लोक कला एक दायरे में सिमटे: सावी

हरियाणा की संस्कृति और संस्कारों की विरासत को संजोने के मकसद से लेखक, साहित्यकार व गायक अपनी कला के हुनर से समाजिक उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। समाज सेवा में सक्रिय ऐसी ही लेखिका सविता गर्ग लोक साहित्य और कला जैसे क्षेत्र में लेखन से संस्कृति संवर्धन करने में जुटी हैं। सविता गर्ग 'सावी' ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर किया, जिसमें साहित्य और और संस्कारों के प्रति सकारात्मक ऊर्जा के साथ समृद्ध संस्कृति को जीवंत करने में सक्षम है।

सविता गर्ग का जन्म 3 अप्रैल 1983 को जींद के नगूरा गांव में व्यवसायी राम रत्न गोयल के घर में हुआ। माता गृहिणी हैं और घर का माहौल धार्मिक रहा। उनकी मां बहुत अच्छा गाती हैं। बचपन में मां को भजन गाते गुनगुनाते हुए सुना और उनके साथ गाते-गाते कई भजन याद हो गए। बकौल सविता गर्ग जब वह आठ साल की थी तो उनके मामा उन्हें अपने साथ गांव जाजनवाला ले गए और पढ़ाई वहीं हुई। नाना के घर भी वैसा ही माहौल मिला। वह जिस स्कूल में पढ़ती थी, वहां के हेड मास्टर पंजाब सिंह ने उन्हें गाते सुना तो स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम में गाने के लिए प्रेरित किया। इससे बालमन बड़ी आशाओं से भर गया, जिसके बाद बहुत सारे कार्यक्रमों में नृत्य और गायन दोनों किया। बचपन से ही खासकर कविताएं और कहानियां पढ़ने का शौक था। कोई कागज का लिखा हुआ लिफाफा बहुत सावधानी से खोलकर वह कागज़ के लिफाफों पर लिखी कहानियां भी पढ़ती थी। जहां कहीं कोई कागज़ का टुकड़ा मिलता, बस उसे खोलती और पढ़ती। उस वक्त साहित्य के बारे में तो कुछ भी नहीं जानती थी। वह ग्यारहवीं कक्षा में थी, तो सौभाग्य से वृंदावन जाना हुआ और बस वहीं से जीवन में एक ऐसा मोड़ आया कि घर आने के बाद बार बार वृंदावन जाने का मन करता था, लेकिन संभव नहीं था। मन के इस द्वंद्व में कब कलम हाथ में आई पता ही नहीं चला, जो लिखा है वह एक बहुत अच्छा भजन बन गया और उसके लेखन के केंद्र में कृष्ण कन्हैया ही थे। स्कूल की मैगजीन और उसके बाद कॉलेज की मैगजीन में मछोटी छोटी रचनाएं प्रकाशित हुई। इसके अलावा दहेज प्रथा, भ्रूणहत्या, नारी उत्पीड़न और भी कई विषयों पर कविताएं लिखी। सौभाग्य से एक बार उनके कॉलेज में जींद के जाने माने साहित्यकार राजेंद्र मानव गोष्ठी के उद्देश्य से आए, जिनके सामने उन्हें भी कविता पढ़ने का अवसर मिला, जिसे खूब सराहा गया। इसके बाद उन्हें गोष्ठियों में मंच पर गाने का निमंत्रण मिले, जहां से उनकी साहित्यिक गतिविधियां सार्वजनिक हुई। साहित्य और लोककला के क्षेत्र में उतार चढ़ाव भी एक जीवन का हिस्सा होता है। कुरुक्षेत्र में यूथ फेस्टिवल में पहली बार प्रस्तुति के लिए उसकी हरियाणवी नृत्य और गायन की तैयारी थी, लेकिन पिता ने जाने से इंकार कर दिया। पाबंदी की वजह से पहली बार यूथ फेस्टिवल में प्रस्तुति देने का अवसर खोना पड़ा था। मन बहुत उदास था, लेकिन समझाने पर भी पापा नहीं माने, तो ऐसे में मां उनका सहारा बनी और इस आयोजन में उनकी दोनों प्रस्तुतियां शानदार रही। हरियाणवी में लेखन और गायन उनका फोकस भ्रूणहत्या, दहेज प्रथा के अलावा देश प्रेम, भाईचारा, संस्कृति व आध्यात्मिकता पर रहा है। अभी तक उनके 17 हिंदी और हरियाणवी भजन रिलीज हो चुके हैं। सविता गर्ग राष्ट्रीय कवि संगम पंचकूला इकाई की अध्यक्ष भी हैं। खास बात यह भी है कि हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा एकल काव्य संग्रह के प्रकाशन हेतु पाण्डुलिपत चयनित व अनुदान स्वीकृति प्राप्त सविता गर्ग हिंदी साहित्य सेवा के साथ समाज सेवा में सक्रिय हैं।

सविता मानती हैं कि इस आधुनिक युग में साहित्य, लोक कला और संगीत एक दायरे में सिमट कर रह गए हैं और खासतौर से युवा पीढ़ी की कम होती रुचि का असर सामाजिक और संस्कृति नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। इसके जिम्मेदार हम ही हैं, जो बच्चों को साहित्य से दूर कर रहे हैं।

### प्रकाशित पुस्तकें

सविता की प्रकाशित पुस्तकों में एकल काव्य संग्रह 'मेरी उड़ान' और 'मैं मीरा-सी' तथा बाल काव्य संग्रह 'प्यारी सोनपरी' सुर्खियों में हैं। इसके अलावा नशामुक्ति जैसे विषय पर आधारित संयुक्त काव्य संकलन 'ये जिंदगी है अनमोल' तथा संयुक्त काव्य संकलन 'उमंग अभिव्यक्त' में उनकी कविताएं प्रकाशित हुई हैं। राज्य की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में प्रकाशित सांझा बाल काव्य संकलन 'दुनिया गोल मटोल' में उनकी कविताओं को प्रमुखता से स्थान मिला है। उनके 17 भजन जारी हो चुके हैं। विभिन्न समाचार पत्रों पत्रिकाओं में हिंदी व हरियाणवी कविताओं व गीतों का प्रकाशन होता आ रहा है।



सविता गर्ग 'सावी'

### पुरस्कार व सम्मान

उन्हें अंतरराष्ट्रीय पद्म शौर्य सम्मान, भारत गौरव सम्मान, मैथिली शरण गुप्त सम्मान, हरियाणा भूषण सम्मान, नारी शक्ति सम्मान, कोकिला रत्न सम्मान, युवा शताब्दी साहित्यकार सम्मान, निर्भया अवार्ड, मधुशाला गौरव सम्मान, अमृत महोत्सव काव्य गौरव सम्मान, हरियाणा गौरव काव्य दर्पण सम्मान, अग्र गौरव सम्मान, वूमेन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा वूमेन इंस्पिरेशनल अवार्ड के सम्मान प्रमुख हैं। उन्हें बिहार की संस्था विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ द्वारा विद्यावाचस्पति की मानद उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम:** सविता गर्ग 'सावी'
**जन्मतिथि:** 3 अप्रैल 1983
**जन्म स्थान:** गांव नगूरा, जींद(हरियाणा)
**शिक्षा:** स्नातक डिग्री(जन प्रशासन)
**संप्रति:** समाज सेविका, गायिका, स्वतंत्रत लेखन

---

# लोहिया के समाजवाद से परिचय कराती पुस्तक




**पुस्तक :** लोहिया के सपनों का भारत
**लेखक :** अशोक पंकज
**प्रकाशक :** राजकमल

**पुस्तक समीक्षा** | **डॉ. जितेंद्र प्रसाद**

लोहिया के बारे में लिखना संवेदनशील और गंभीर कार्य है, जिसको इस पुस्तक के लेखक ने बखूबी निभाया है। लोहिया अपने आपमें एक प्रतिरोध हैं, जिन्होंने तत्कालीन समय के राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय विचारधाराओं के बरक्स स्वयं की समाजवादी विचारधारा को एक विकल्प के रूप में खड़ा किया। लोहिया के समाजवाद संबंधी विचार, उनकेभाषणों, लेखो, में बिखरा हुआ है जिसे प्रो.अशोक पंकज ने संक्षिप्त पुस्तक में बड़ी सहजता के साथ पेश किया है। उम्मीद है कि इस पुस्तक के माध्यम से लोहिया के विचारों पर शैक्षणिक जगत और आमजनमानस में चर्चा-परिचर्चा एवं विमर्श की एक नई शुरूआत होगी। लोहिया के विचारों को आमजनमानस तक पहुँचाना लेखक का एक प्रमुख उद्देश्य है, जिसमें वे सार्थक हुए हैं। इस पुस्तक में लेखक ने लोहिया के समाजवाद के विचारों को सैद्धांतिक, वैचारिक एवं अन्य पहलुओं को पांच खंडों में प्रस्तुत किया है। पहला खंड, लोहिया के समाजवाद की रूपरेखा है; दूसरा खंड, लोहिया के सैद्धांतिक पहलुओं, जिसमें समता से संपन्नता, सिविलनाफ़रमानी से लोकतंत्र को बताया गया है; तीसरा खंड, लोहिया के वैचारिक पहलू; चौथे खंड में व्यावहारिक पहलू, तथा पांचवें खंड में उनके विचारों की समसामयिकता का विश्लेषण किया गया है । लेखक ने पुस्तक में लोहिया के विचारों के सैद्धांतिक पहलुओं को प्रस्तुत करने के साथ उनके विचारों का भविष्य में क्या आधार होगा, यह संभावना भी तलाशी है।

प्रो.पंकज ने पुस्तक में लोहिया के सपनों के भारत का महत्वपूर्ण स्तंभ 'चौखंभा राज' की अवधारणा को सरल तरीके से व्याख्या की है, जिसमें लोहिया सत्ता का विकेंद्रीकरण करना चाहते हैं। लेखक ने राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रति व्यक्ति आय में असमानता, बढ़ती गरीबी, जातीय एवं वर्ग भेद, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के सुविधाओं की कमी रोजगार का संकट के आँकड़ों को प्रस्तुत कर यह साबित किया है कि,'लोहिया के सपनों का भारत' का निर्माण अधूरा है और उसके लिए उनके विचारों को समझाने एवं कार्यक्रमों को सही संदर्भों में लागू करने पर बल दिया है । लेखक 'लोहिया के सपनों का भारत' के निर्माण को समसामयिक राजनीतिक परिदृश्य से गायब पातेहैंऔर उसे साकार होने की उम्मीद के रूप में देखते हैं। उन उम्मीदों में इस पुस्तक की प्रासंगिकता है और इसकी सार्थकता भी।

## खबर संक्षेप

### आशादीप उज्वल ग्रुप ने किया पौधरोपण

**सांपला।** आशादीप उज्वल हरियाणा ग्रुप की तरफ से रविवार को पौधारोपण अभियान चलाया गया। भासू तालाब के साथ लगते पार्क में करीब 160 पौधे लगाए गए। नगरपालिका पार्षद मनोज कुमार, राजेश कुमार,प्रमेंद्र कुमार, विनोद, जगेंद्र आदि ने पौधारोपण किया और लोगों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**रोहतक।** राष्ट्रीय आजाद युवा ऑर्गेनाइजेशन सोसायटी द्वारा शिवाजी कॉलोनी महावीर पार्क में पौधरोपण किया गया। वहीं सुनारिया रोड पर आम नागरिकों को पौधे वितरित किए। सोसायटी प्रधान सुरेन्द्र काले की अध्यक्षता में अमरुद, पीपल, बेलपत्र, नीम, कनेर, आवंला के पौधों को लगाया गया। इस अवसर पर उपप्रधान अनूप सिंह, सेकेट्री मुकेश सैनी, मनीषा सुहाग, भागचंद, राजू, मुकेश, सत्यनारायण, सागर, सन्नी, मोहित आदि उपस्थित रहे।

### शिविर में 176 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच



**रोहतक।** वैद्य केसर दास सेवा समिति की तरफ से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सावन बैंकट हाल के सामने वैद्य केसर दास लैब में किया गया। जिसमें डाक्टर विवेक, डॉक्टर सुभाष, डॉक्टर सिद्धार्थ ने 176 मरीजों की जांच की। सभी के शुगर कॉलेस्ट्रॉल, एचबी, बीपी, बीएमडी टेस्ट निशुल्क किए गए। समिति संचालक राजेश सिंधवानी ने बताया कि समिति की ओर से आयुर्वेदिक दवाइयां मुफ्त दी गई। मरीजों में अधिकतर पथरी, खांसी, शुगर, जुकाम, बुखार, गदूद, बवासीर, घुटने में दर्द आदि के मरीज थे। इस अवसर पर विनोद जुनेजा, संजीव सचदेवा, जय सिंधवानी, आकाश सिंधवानी, अनिल इंदौरा, सतीश सुनेजा, सतीश कत्याल, ब्रिज लाल सिंधवानी,आदि मौजूद रहे।

### संजय ड्राइवर संगठन के राज्य प्रधान चुने गए

**रोहतक।** सिंचाई भवन में रविवार को ऑल हरियाणा सिंचाई विभाग चालक संघ का चुनाव करवाने के लिए त्रिवार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता पूर्व राज्य प्रधान दिनेश कुमार व संचालन संजय डागर ने की। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य सचिव जयवीर चहल, जिला प्रधान कर्मवीर सिवाच, जिला सचिव मनजीत पांचाल, मैकेनिक यूनियन के राज्य वरिष्ठ उप प्रधान राकेश लाकड़ा मौजूद रहे। चुनाव में चेयरमैन दिनेश कुमार,राज्य प्रधान संजय डागर, महा सचिव जितेंद्र बल्हारा, कोषाध्यक्ष सुरेश दहिया,वरिष्ठ उप प्रधान विजय डांगी,उप प्रधान रविंद्र व विनोद कुमार ,सह सचिव अवतार सिंह, प्रेस सचिव रविंद्र , ऑडिटर राजकुमार ,शिवकुमार सर्व सम्मति से संगठन सचिव चुने गए।

## आरक्षण के नाम पर कांग्रेस ने बरगलाने का किया प्रयास

# अंत्योदय के लिए सरकार ने लागू की योजनाएं : राज्य मंत्री बिशंभर सिंह

- कहा, भाजपा सरकार में समाज के लोगों के हित सुरक्षित
- राष्ट्रीय कवि दयाचंद मायना स्मारक भूमि पूजन समारोह में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बिशंभर सिंह।

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बिशंभर सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा अंत्योदय की भावना से कार्य करते हुए आमजन के साथ-साथ अंत्योदय परिवारों के लिए भी अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। मंत्री बिशंभर सिंह आज गांव मायना में राष्ट्रीय कवि दयाचंद मायना स्मारक भूमि पूजन समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ट्रस्ट को स्मारक के निर्माण के लिए 11 लाख की राशि देने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने गांव भंभेवा की चौपाल के लिए भी 11 लाख की राशि देने की घोषणा की।

मंत्री बिशंभर सिंह ने कहा कि समाज के लिए एक ऐसा दौरा भी गुजरा है जब छुआछुत की कुरीति का बोलबाला था। इस दौरान समाज के लोगों ने राष्ट्रीय कवि दयाचंद मायना का साथ देकर सराहनीय कार्य किया था। उन्होंने कहा कि महाशय दयाचंद का नाम देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि भाजपा की राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति के लोगों के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं को क्रियान्वित किया है। राज्य सरकार के हाथों अनुसूचित जाति के लोगों के हित पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए हमेशा ही समाज के लोगों को बरगलाने का प्रयास किया है। ऐसे लोगों से हमें सतर्क रहने की जरूरत है। कांग्रेस को आरक्षण विरोधी बताते हुए उन्होंने कहा कि आज की कांग्रेस ही नहीं, बल्कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू भी आरक्षण के खिलाफ थे। अगर बाबा साहब आंबेडकर नहीं होते तो देश के वंचित वर्गों को यह कांग्रेस कभी आरक्षण नहीं देती। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के एक आधिकारिक पत्र का हवाला देते हुए संसद में खुलासा किया कि पंडित नेहरू ने उस वक्त आधिकारिक तौर पर देशभर के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा था। उस पत्र में नेहरू ने लिखा था कि वह व्यक्तिगत तौर पर नौकरियों में किसी भी तरह के आरक्षण के खिलाफ है।

### आमजन को दी जा रही आर्थिक सहायता

मंत्री बिशंभर सिंह ने कहा कि सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछडें वर्ग के कल्याण और अंत्योदय विभाग द्वारा जनकल्याण के लिए अनेक योजनाओं के माध्यम से आमजन को आर्थिक सहायता दी जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक ऑनलाइन माध्यम से हरियाणा सरल पोर्टल द्वार भी आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर मास्टर बलवान सिंह राठी व सुखबीर सिंह चिंदौलिया सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नायब सैनी को 10 साल बाद याद आया प्रदेश में हो रहे अपराध : हुड्डा

**रोहतक।** पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा में कांग्रेस प्रतिपक्ष नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने गए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए मौजूदा हरियाणा सरकार पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि हमने युवाओं को खेल की तरफ ले जाने का काम किया था, ताकि युवा नशे से बच सके। लेकिन मौजूदा सरकार युवाओं को खिलाड़ी नहीं नशेड़ी बना रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार दौरान बनी खेल नीति की वजह से प्रदेश खिलाड़ियों के लिए जाना जाता था। सरकार ने उस खेल नीति में बदलाव कर खिलाड़ियों के कैश आवार्ड तक रोक दिया है। सरकार को चाहिए कि जिस भी खिलाड़ी का जो अवार्ड बनता है उसे वह दिया जाना चाहिए। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम के तहत घर घर जाकर मौजूदा सरकार की 10 साल की विफलताओं को जनता के सामने रखेगी। कांग्रेस पार्टी के लिए गए संकल्प को जनता के पास लेकर जाएगी। इसके लिए आज बैठक का आयोजन होना है और इस बैठक में हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम का ब्लू प्रिंट तैयार किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी पर कटाक्ष करते हुए कहा की 10 साल बाद नायब सैनी को याद आया है कि अपराध बढ़ रहा है। उन्होंने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी का किसी के साथ गठबंधन होने के सवाल पर कहा कि इंडिया गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर था लेकिन हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए फिलहाल किसी भी गठबंधन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। हरियाणा प्रदेश में सीधा मुकाबला कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच है।

## देशबन्धु बने सर्वसम्मति से सभा उपप्रधान

- आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा की अन्तरंग सभा की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा दयानन्दमठ की अन्तरंग सभा की बैठक रविवार को सभा-उपप्रधान देशबन्धु मदान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें जिलेवार वेदप्रचार मंडलों के गठन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। आजाद सिंह आर्य, आचार्य योगेन्द्र एवं स्वामी ब्रह्मानन्द के विरुद्ध निन्दा-प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया। इसके अलावा सभाप्रधान राधाकृष्ण आर्य के त्याग-पत्र को स्वीकृत होने के बाद सभा-उपप्रधान देशबन्धु मदान को सर्वसम्मति से सभाप्रधान की जिम्मेदारी दी गई। आचार्य देवव्रत राज्यपाल गुजरात को गुरुकुल कुरुक्षेत्र संभालने की जिम्मेदारी सर्वसम्मति से दी गई। इस अवसर पर उमेद सिंह शर्मा सभामन्त्री, उपप्रधान देशबन्धु मदान, संरक्षक स्वामी धर्मदेव, उपमन्त्री अनुराग खटकड़, कोषाध्यक्ष सुमित्रा आर्या, सतीश बंसल, अन्तरंग सदस्य डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार, जगदीशचन्द्र आर्य, आचार्य ऋषिपाल, वीरेन्द्र पाढ़ा, डॉ. नायबसिंह आर्य, रमेश आर्य, देवदत्त आर्य, विजयपालसिंह आर्य, शिवकुमार आर्य, जयदेव आर्य, जगदेव आर्य, बलवान आर्य, जितेन्द्र काद्यान, राममेहर आर्य आदि उपस्थित रहे।

## एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने प्रदेश सरकार की आलोचना की

**रोहतक।** एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के राज्य कमिटी के सदस्य कॉमरेड अनूप सिंह मातनहेल ने कहा है कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश की पंचायत संस्थाओं की आर्थिक स्वायत्तता को छीन लिया था। एसयूसीआई ने उसकी सख्त निंदा करते हुए तब इसे घोर अलोकतांत्रिक और पंचायत संस्थाओं का गला घोटने वाला कदम करार दिया था। विधानसभा चुनावों को नजदीक देख अब सरकार ने अपने कदम कुछ हद तक पीछे हटाते हुए 21 लाख रुपए तक का काम बिना टेंडरिंग के करवाने का अधिकार पंचायतों को देकर उन्हें मनाने व खुश करने की कोशिश की है। जबकि सरकार द्वारा पंचायतों को जारी नोटिफिकेशन में पंचायत की कुल वार्षिक आय का केवल 50 प्रतिशत ही खर्च करने का अधिकार दिया गया है। सरकार ने पहले पंचायती राज संस्थाओं को गला घोटकर मारने का काम किया था।

## जयहिंद ने जनता से की अपील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

### भूपेंद्र हुड्डा, दुष्यंत चौटाला अजय चौटाला व अन्य निर्दलीय विधायकों को लिखेंगे पत्र, मिलने का मांगेगे समय : जयहिंद

जयहिंद सेना सुप्रीमो नवीन जयहिंद ने हरियाणा में होने वाले राज्यसभा चुनाव में आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने रविवार को जयहिंद सेना के कोर कमांडरों के साथ मीटिंग की। जयहिंद ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा, दुष्यंत चौटाला, अभय चौटाला और निर्दलीय विधायकों को पत्र लिख उनसे मिलने का समय मांगेंगे। उनके जयहिंद सेना के कोर कमांडरों की अगली मीटिंग 21 जुलाई को होगी। जयहिंद ने चुनावी दंगल में खुली छुट्टी बोलते हुए कहा की सत्ता पक्ष और विपक्ष किसी भी तरह का सर्वे करा कर अपना पहलवान उतारे। महम से निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू ने तो ट्विटर एक्स द्वारा जयहिंद को अपना समर्थन दे दिया हैं। इसी बीच नवीन जयहिंद ने पूरे विधायकों के नंबर सार्वजनिक कर जनता से अपील की की जनता अपने क्षेत्र के विधायकों के पास फोन जयहिंद के लिए समर्थन मांगे और साथ ही यह सवाल किए कि अगर आपके पास नवीन जयहिंद से अच्छा उम्मीदवार है तो उसे चुनावी दंगल में उतारे।

## महिलाओं के लिए मुफ्त योग कक्षा शुरू

- सूर्या ग्रुप ने गो ग्रीन के नाम से पर्यावरण सुरक्षा मिशन चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




सूर्या ग्रुप द्वारा गो ग्रीन के नाम से पर्यावरण सुरक्षा मिशन व महिलाओं के लिए निःशुल्क योग कक्षा का शुभारम्भ और संस्था के नाम से टीशर्ट लॉन्च तीन कार्यक्रमों का सामूहिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लेखा-अधिकारी जयबीर सिंह गहलोत ने व मंच संचालन नरेंद्र कटारिया ने किया। सूर्या ग्रुप के अध्यक्ष प्रवीन गहलोत ने कार्यक्रम में सबका स्वागत किया। तीनों कार्यक्रमो का शुभारंभ सामूहिक रूप से मुख्य व विशिष्ट अतिथि के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे सैनी एजुकेशन सोसाइटी के उप-प्रधान देवेन्द्र सैनी ने कहा कि आज बहुत ही अच्छा कार्यक्रम है। गो ग्रीन मिशन इस धरती के लिए बहुत ही आवश्यक है। पेड़ की रक्षा करो पेड़ हमे सब कुछ देता हैं। हम सबको मिलकर पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए। टी शर्ट लॉन्च की शुभकामना देते हुए कहा कि यह संस्था के प्रचार में बहुत सहायक होगी। आज के विशिष्ट अतिथि रहे समाजसेवी रोहित बैनीवाल जी ने कहा कि 'गो ग्रीन' मिशन अतिउत्तम हैं। हमारे लिए पेड़ बहुत महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर तुलसी,अकाउंट ऑफिसर जयबीर सिंह, नरेंद्र कटारिया, राजकुमार कटारिया, जोगेंद्र सिंह, शक्ति, सूरजमुखी देवी, सुशीला देवी, परिवहन इंस्पेक्टर-निर्मला देवी, सुमन, मनीषा, राधा, निशा, सुमन व संस्था के विद्यार्थीगण व अभिभावक उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### सरकार को मेरे नाम का फोबिया : अमन वशिष्ठ



**रोहतक।** मुख्यमन्त्री नायब सिंह सैनी के रोहतक आगमन से पहले सुबह जल्दी ही प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अमन वशिष्ठ को पुलिस द्वारा हिरासत में ले लिया गया। जिस समय उन्हें हिरासत में लिया गया उस समय वशिष्ठ अपने घर मे सो रहे थे। गौरतलब है कि वशिष्ठ ने गत अप्रैल में रोहतक के जिला प्रशासन को मुख्यमन्त्री के रोहतक आगमन पर उनसे मिलवाने के लिए एक अनुमति पत्र भी सौंपा था ताकि वे प्रदेश के मुख्यमन्त्री के सामने प्रदेश की बेरोजगार युवाशक्ति, सरकारी कर्मचारियों की जायज मांगे व प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था की आवाज को मुख्यमन्त्री के सामने उठा सके।

### भारतीय सेना में अवसर के बारे में बताया




**रोहतक।** श्री बाबा मस्तनाथ सैनिक स्कूल में व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें लेफ्टिनेंट कार्तिकेय बख्शी ने छात्रों को भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सेवा करने और अपने करियर को सैन्य क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ा सकते हैं, इस पर जानकारी दी। लेफ्टिनेंट कार्तिकेय बख्शी ने भारतीय सेना के विभिन्न शाखाओं में उपलब्ध नौकरियों के अवसर के बारे में बताया, जिनमें नर्सिंग असिस्टेंट, अग्निवीर तथा अधिकारी के पद शामिल हैं। उन्होंने इन पदों में प्रवेश पाने के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं, लिखित परीक्षा, शारीरिक परीक्षण और चिकित्सा के विभिन्न चरणों के बारे में भी विस्तार से समझाया। उन्होंने छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी उत्तर दिया। इस मौके पर स्कूल निदेशक ग्रुप कैप्टन सुरेंद्र मोहन शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### पंच महायज्ञ से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति



**रोहतक।** व्यवहार और परमार्थ की उन्नति के लिए मनुष्य के लिए पांच नित्यकर्म बताये गए हैं, ब्रह्मयज्ञ अर्थात संध्या, देवयज्ञ अर्थात यज्ञ या हवन, पितृयज्ञ, भूतयज्ञ या बलिवैश्वदेव यज्ञ, नृयज्ञ या अतिथि यज्ञ। इन्हीं का दूसरा नाम पंच महायज्ञ है। ये विचार आर्य समाज प्रधाना मोहल्ला के साप्ताहिक सत्संग में आचार्य सुरेंद्र ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि पंच महायज्ञ से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इससे पूर्व आर्य वीरांगना साक्षी ने यज्ञ सम्पन्न करवाया। बालिकाओं ने ईश्वर भक्ति के भजन प्रस्तुत किये।

### युवाओं की विस चुनावों में होगी अहम भागेदारी



**रोहतक।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के पद पर पदभार ग्रहण समारोह पर भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ता ने उनका स्वागत किया गया। भारत गिरधर ने बताया कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष से विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा में युवाओं की अहम भागीदारी रहेगी और प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश का पूरा माहौल भाजपा के पक्ष में है। भाजपा सरकार में ही बिना पर्ची खर्ची एवं मेरिट के आधार पर नौकरी मिल रही है।

### सुनारियां कलां में पौधरोपण अभियान चलाया



**रोहतक।** गांव सुनारियां कलां में एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत पौधरोपण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत रविवार को गांव में पंचायती जमीन पर अलग अलग तरह के फलदार पौधे लगाए गए। एक पेड़ मां के नाम पौध रोपण अभियान में युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सरला देवी ने कहा कि तापमान में वृद्धि हो रही है। इसका एकमात्र कारण पेड़-पौधों की कटाई है। अगर समय रहते पेड़-पौधों का संरक्षण नहीं किया गया तो संतुलन बिगड़ जाएगा। इसका प्रभाव पृथ्वी पर रहने वाले प्रत्येक प्राणी पर पड़ेगा। पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाना चाहिए। इस मौके पर रामनिवास, देवा, एडवोकेट परमदीप सिंहमार,आदि मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना लाभकारी- उपायुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि जो किसान मछली पालन की खेती करते हैं, उनके लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना आर्थिक स्थिति मजबूत करने में वरदान सिद्ध हो रही है। इस योजना के तहत 40 से 60 प्रतिशत वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि जिला में उन गांवों के लोगों को मत्स्य पालन के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिन गांवों में बरसात के पानी के ठहराव होता है या भूमि बंजर है। मछली पालन से किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं। झींगा मछली पालन से 5 से 6 लाख रुपये प्रति एकड़ तक आमदनी हो सकती है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा इस योजना के तहत अनुसूचित जाति व महिला वर्ग की मछली पालकों को 60 प्रतिशत अनुदान तथा सामान्य वर्ग व ओबीसी वर्ग को मछली पालन पर 40 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना के तहत प्रार्थी निजी भूमि में या पट्टे पर भूमि लेकर मछली फीड हैचरी, तालाबों के निर्माण, बायाफेलाक, आरएएस, फीड मिल, कोल्ड स्टोर आदि लगाने पर विभाग से वित्तीय एवं तकनीकी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना तथा अन्य विभागीय योजनाओं के लिए किसानों को जागरूक करते हुए समय-समय पर विभाग द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जाता है। यूनिट लगाने से पहले प्रशिक्षण अवश्य लें तथा मिट्टी व पानी की टेस्टिंग अवश्य रूप से करवाएं ताकि यूनिट कामयाब हो सके।

## सांपला में बिजली की लाइन भी नहीं सुरक्षित, मामला दर्ज

# चलती बिजली सप्लाई से केबल काटकर ले गए चोर

- 25 हजार लोगों को रात बितानी हुई मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला



सांपला। बिजली की नई केबल जोड़ते कर्मचारी

शनिवार की रात लगभग दो बजे अज्ञात चोर बिजली निगम के 33 केवी फीडर की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस ने निगम के एसडीओ जोगेंद्र सिंह मोर के बयान पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। एसडीओ के अनुसार परशुराम धर्मशाला के पास दिल्ली- रोहतक हाईवे 9 के नीचे से अंडरग्राउंड 33 के वी लाइन की केवल बिछाई हुई है। जिसकी तीन केबल में सप्लाई चालू थी और दो केवल आपातकालीन स्थिति के लिए अतिरिक्त छोड़ी गई थी। शनिवार की आधी रात को लगभग डेढ़ बजे 33केवी लाइन ब्रेकडाउन का मैसेज मिला । बिजली कर्मचारियों ने जिसकी पेट्रोलिंग करने पर नेशनल हाईवे के नीचे से गुजरी अंडरग्राउंड केबल में से 10 मीटर लंबी केवल कटी मिली। चोरों द्वारा एक और बिजली सप्लाई वाली केवल को भी काटने का प्रयास किया गया है जिस पर ब्लेड के निशान मिले हैं। चालू सप्लाई होने की वजह से केबल कटने के दौरान उसमें फाल्ट हो गया और चोर वहां से कटी हुई करीब दस मीटर लंबी केवल को लेकर फरार हो गए।

### ये एरिया रहा बाधित

केबल चोरी की वजह से पूरे कस्बे, नयां बास, लाइनपार और रोहद टोल तक की सप्लाई बाधित हो गई। जिसकी वजह से करीब 25 हजार लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। अधिकारी जोगेंद्र सिंह मोर मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों के साथ मिलकर रविवार की सुबह नई केबल जोड़कर दौबारा बिजली चालू की गई। बताया गया कि पिछले दिनों भी चोरों पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास बिजली की चालू लाइन के तार चोरी कर लिए थे। एसडीओ ने लोगों से अपील किया कि वे किसी भी व्यक्ति को बिजली निगम की केबल या तार के साथ कोई छेड़ छाड़ करता मिले ,तो उसकी सूचना बिजली विभाग के सरकारी नंबर या पुलिस को दें।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

Greenland Public School, Dattaur
REQUIREMENTS
Suitable candidates for the positions of
- Mother Teachers - 3
- PGT & TGT Spoken English - 1
- NTTs - 3
- PRT/English - 1
- PRO with Computer Efficiency - 1

Are Urgently Required
Deserving candidates are required to mail their CV at greenlandpublicschool@gmail.com & Contact No. 9050141414 for Interview Date & Time.

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- BAMS 2
- RMO 2
- COMPUTER OPERATOR 2
- CHEMIST SHOP STAFF 2
- PHARMACY BILLING STAFF 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप

### गांव मोखरा में रास्ता रोककर की मारपीट

**रोहतक।** मोखरा खास-पाना श्याम के रहने वाले व्यक्ति का रास्ता रोककर मारपीट व जान से मारने की धमकी दी गई। घायल आत्मा राम ने बहुअकबरपुर थाना पुलिस को शिकायत दी। इसमें बताया कि 13 जुलाई को अपने घर जा रहा था, तो रास्ते में रणसिंह व दीपांशु निवासी भूरावास गांव जिला झज्जर के रहने वाले के बीच लड़ाई-झगड़ा हो गया। जब दोनों का बीच-बचाव किया तो दीपांशु ने रास्ता रोक लिया और फिर मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद दीपांशु जान से मारने धमकी दी। वहीं पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### घर से नकदी आभूषण चोरी, मामला दर्ज

**रोहतक।** जवाहर नगर में स्थित एक घर से नकदी व आभूषण चोरी दी गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गुरविंदर विज ने आर्य नगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मकान में किराए पर रहने वाले व्यक्ति ने ही नकदी और जेवरात चोरी की है। उन्होंने गोल्डी नाम के व्यक्ति को किराए पर रखा था। किराएदार कबाड़ का काम करता था। उसके पिता पिछले तीन से चार माह से बीमार थे। जिसके चलते उसके पिता अस्पताल में भर्ती थे। इसलिए वह भी घर के बाहर ही रहते थे, जबकि उनका किराएदार घर पर ही रहता था। 12 जून को उनके पिता सुभाष चंद्र विज की मौत हो गई थी। जिसके चलते पूरा परिवार शोक में डूबा हुआ था।

# अगले चार-पांच दिन नहीं अच्छी बरसात के आसार

## हर रोज बढ़ रहा संकट, 1 लाख 6 हजार हेक्टेयर में खरीफ बिजाई का लक्ष्य

अमरजीत एस गिल ▸▸| रोहतक

मानसून को लेकर चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा रविवार शाम को जारी किए गए पूर्वानुमान ने किसानों के होश फाख्ता कर दिए हैं। अगर मौसम में एकदम से बड़ा बदलाव नहीं होता है तो अगले पांच-सात दिन तक और फसलों की जरूरत मुताबिक बरसात होने के आसार बिल्कुल नहीं हैं। मौसम में कोई फौरी बदलाव हो जाता है तो कहीं-कहीं अच्छी बरसात भी हो सकती है। पर ऐसी उम्मीद बहुत ही कम है। जिन किसानों ने धान की रोपाई करनी है, उन्हें की चिंता अब रोज बढ़ रही हैं। क्योंकि रोपाई के समय में अब हर रोज की देरी है।

रोपाई जितनी लेट होगी, पैदावार भी उतनी ही कम होगी। जिले में सरकार ने 50 हजार हेक्टेयर में धान, 15 में कपास, 11 में गन्ना, 10 में बाजरा और 20 हजार हेक्टेयर में ज्वार बिजाई का लक्ष्य निर्धारित किया हुआ है। कुल मिलाकर एक लाख 6 हजार हेक्टेयर में खरीफ-रोपाई की बिजाई इस बार की जानी है।



### तापमान फसल के प्रतिकूल

आषाढ में अमूमन हर साल फसलों को प्रचुर मात्रा में पानी मिले, इतनी बारिश हो जाती है। पर इस बार अभी तक इतनी बरसात नहीं हुई। जबकि अब आषाढ़ के छह दिन ही शेष बचे हैं। बाकि बचे दिनों में भी खरीफ की जरूरत मुताबिक बरसात हो जाएगी, किसी भी उम्मीदें काफी कम हैं। बारिश न होने की वजह से जो हालात अब बन चुके हैं, उससे किसान धान लगा भी नहीं पा रहा है। बीते महीने भर में जिस 27-28 हजार हेक्टेयर में धान की रोपाई की गई थी, उसकी हालत भी ठीक नहीं बताई जा रही है। वजह है फसल को बढ़वार के लिए जितना तापमान चाहिए, उतना नहीं है। रविवार को रोहतक का अधिकतम तापमान 35-36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि धान की रोपाई के अगले दो-तीन दिन तक अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहे तो फसल के लिए अति लाभदायक होता है। इतने तापमान से फसल की बढ़वार काफी तेजी से होती है। इस मौसम में 30 डिग्री सेल्सियस तापमान तभी रह सकता है, जब लगातार झमाझम होती रहे।

जिले के किसानों की विडंबना ये है कि वे धान के अलावा दूसरी खेती कर नहीं सकते हैं। वजह है कुल 4 लाख 12 हजार 436 एकड़ में से 362361 सेमग्रस्त है। इस जमीन में धान की अलावा दूसरी खेती की किसान सोच भी नहीं सकता है। ऐसे में किसान धान से किसी भी स्थिति में ध्यान नहीं हटा सकता है। सेमग्रस्त एरिया में अगर धान की जगह पर ज्वार, बाजरा और कपास की बिजाई की जाए तो उसको पानी खत्म कर देगा। बारिश न होने की वजह से जहां धान की रोपाई नहीं हो पा रही है, वहीं ज्वार, बाजरा और खरीफ की दूसरी फसलों की बिजाई भी किसान नहीं कर सकता है। बिजाई के लिए जमीन में नमी की जरूरत होती है। इससे बीज का अंकुरण होता है। बारिश हो नहीं रही।

### मौसम 19 तक परिवर्तनशील रहेगा

चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि राज्य में मौसम 19 जुलाई तक परिवर्तनशील रहेगा। 17 जुलाई तक मानसूनी हवाओं की सक्रियता में थोड़ी कमी आने की संभावना है। जिससे बारिश की गतिविधियां में कमी होगी। उत्तरी जिलों में कहीं कहीं हल्की बारिश हो सकती है। परंतु पश्चिमी व दक्षिणी हरियाणा में कुछेक जगह पर छिटपुट बूंदाबांदी ही होगी। हवा में बदलाव पूर्वी से उत्तर पश्चिमी होने से दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी तथा वातावरण में नमी की मात्रा में कम होगी। 17 जुलाई रात्रि से मानसून की सक्रियता एक बार फिर से बढ़ेगी। 19 जुलाई तक राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में हवाएं व गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की उम्मीद है।



# सुचारू रूप से हुईं प्रवेश परीक्षाएं आज भी होगा एंट्रेंस एग्जाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

महर्षि दयानंद विवि में रविवार को विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षाएं सुचारू रूप से आयोजित की गई। डीन, एकेडमिक एफेयरस प्रो. एएस मान तथा रजिस्ट्रार प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने प्रवेश परीक्षाओं हेतु सृजित परीक्षा केन्द्रों का दौरा कर प्रवेश परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रो. मान तथा प्रो. तनेजा ने पूरी निष्ठा से परीक्षा की शुचिता बनाए रखते हुए प्रवेश परीक्षाएं संचालित करने की हिदायत दी। विवि द्वारा तैनात किए गए पर्यवेक्षकों ने प्रवेश परीक्षा पर कड़ी नजर रखी। एमए-लोक प्रशासन, जीव विज्ञान संकाय के पीजी पाठ्यक्रमों, एमबीए, एमबीए बिजनेस साइकोलोजी, एमकॉम, एमएससी-फोरेंसिक साइंस तथा एमए-समाजशास्त्र की प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की गई। डीन एकेडमिक एफेयर्स तथा रजिस्ट्रार द्वारा प्रवेश परीक्षा केन्द्र विजिट के दौरान निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी तथा पीआरओ पंकज नैन उपस्थित रहे।

### यह है शेड्यूल

सोमवार को एमडीयू में 15 जुलाई को प्रातः 10 बजे से 11.15 बजे तक एमएससी-कैमिस्ट्री ,दोपहर 12.30 बजे से 1.45 बजे तक एमए-पत्रकारिता एवं जनसंचार, एमएससी-गणित पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं , 3 बजे से शाम 4.15 बजे तक एमएससी- फिजिक्स, एमए-मनोविज्ञान तथा एमए-गाइडेंस एंड काउंसलिंग पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं आयोजित होंगी।16 को एमए-राजनीति विज्ञान, एलएलबी आनर्स तीन वर्षीय, एलएलएम पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। 17 को एमए-भूगोल, बीपीएड, एमपीएड, एमए-रक्षा एवं सामरिक अध्ययन, एमए-अर्थशास्त्र, एम.लिब साइंस, एमए-फाइन आर्ट्स एमए-एजुकेशन, एमए-म्यूजिक वोकल, एमए-म्यूजिक इंस्ट्रूमेंटल सितार, एमए-योग विज्ञान पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। 18 को एमए-हिन्दी, एम.फार्मेसी-इंडस्ट्रीयल फार्मेसी, फार्मास्यूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकोलोजी, फार्माकोगनोसी, ड्रग रेगुलेटरी एफेयर्स, एमसीए, एमएससी-कंप्यूटर साइंस, एमएससी-कंप्यूटर साइंस , एमए-हिन्दू स्टडीज, एमए-अंग्रेजी पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

# इलेक्ट्रो होम्योपैथी के डॉक्टर्स का प्रदर्शन कल



- ईएचएमसी ने कहा, इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता दे सरकार
- मंगलवार सुबह मानसरोवर पार्क में एकत्र होंगे डॉक्टर
- रणनीति बनाएंगे, जुलूस निकालते हुए डीसी ऑफिस जाएंगे, ज्ञापन सौंपेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता देने की मांग को लेकर इलेक्ट्रो होम्योपैथी के डॉक्टर्स मंगलवार को रोहतक में रोष प्रदर्शन करेंगे और डीसी अजय कुमार को ज्ञापन सौंपेंगे। इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल (ईएचएमसी) हरियाणा के अध्यक्ष डॉ विनोद खनगवाल ने रविवार को बताया कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी के प्रदेशभर में करीब 20,000 से अधिक डॉक्टर्स हैं।

मंगलवार को प्रदेशभर से डॉक्टर्स मानसरोवर पार्क में सुबह मीटिंग कर रोष प्रकट करेंगे। इसके बाद जुलूस निकालते हुए डीसी ऑफिस जाएंगे और इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता देने की मांग को लेकर सीएम के नाम डीसी को ज्ञापन सौंपेंगे। नेता विपक्ष एवं पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को भी मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा, ताकि वे विधासभा में हमारी अवाज उठाएं। डॉ खनगवाल ने कहा कि फिर सरकार नहीं मानी तो अगले सप्ताह बैठक कर पूरे प्रदेश में रोष प्रदर्शन किया जाएगा और जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी में सभी बीमारियों का इलाज संभव है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर डॉ नारायण सिंह तेवतिया, डॉ. विनोद तोबड़िया, डॉ. महीपाल और डॉ. शिवराज, डॉ. अमित कुमार और डॉ. सतीश मलिक भी मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### जाट शिक्षण संस्था को सर्वश्रेष्ठ बनाना ही लक्ष्य : दिमाना



**रोहतक।** जाट एजुकेशन सोसायटी के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना तथा महासचिव नवदीप (मोनू) और कार्यकारिणी के सदस्यों का गुरुग्राम के छोटूराम भवन झाड़सा में आयोजित सम्मान समारोह में पगड़ी बांधकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने दीनबंधु सर छोटूराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि वे संस्था के उत्थान के लिए कभी भी आकर अपने सुझाव व सहयोग दे सकते हैं ताकि संस्था को हम शिक्षा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बना सकें। उन्होंने कहा कि जाट एजुकेशन सोसायटी की जो जिम्मेदारी उन्हें मिली है उसके विकास के लिए वे हर संभव कार्य करेंगे और समाज के लोगों को साथ लेकर संस्था को शिक्षा के उच्च शिखर तक लेकर जाएंगे। इस अवसर पर चारों जाट सभाओं के प्रधान विनोद दहिया, राजवीर ठाकरान, जयपाल धनखड़, प्रीतम सिंह व संतोष सिंह एडवोकेट, वीरू सरपंच, हरियाणा जनहित पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय साहू, धर्मवीर मलिक, बलराज अहलावत आदि मौजूद रहे।



### दौड़ में बिमला बनवाला ने दूसरा और अमिताभ ने हासिल किया तीसरा स्थान

**रोहतक।** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में रविवार को हुई 7 किलोमीटर की दौड़ भारत इन पेरिस रन में रोहतक रनर्स ग्रुप की धाविका बिमला बनवाला ने अपने आयु वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं अमिताभ ने अपने आयु वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा चंद्रपाल बनवाला, जितेंद्र हुड्डा, पंकज भार्गव, राकेश डबास और अरविंद पाल दहिया का प्रदर्शन भी शानदार रहा। इस दौड़ का आयोजन पेरिस में होने वाले ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने के लिए किया गया।

# राजपूत प्रतिनिधि सभा अनुसूचित और उपेक्षित वर्ग के गठजोड़ से प्रदेश में अलख जगाएगी

- भूपेंद्र चौहान को एसएस बोर्ड का सदस्य बनाने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेश चौहान राष्ट्रपूत ने रविवार को मैना पर्यटन केंद्र में पत्रकार वार्ता की। इसमें उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी के निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि समाज में लोकशाही की मानसिकता विकसित करने के लिए लोकशाही चेतना प्रकोष्ठ का गठन किया। युवा उद्यमी रवि चौहान को प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया गया। सभा के मुख्य संरक्षक कंवर आर पी सिंह (सेनि) आई ए एस की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यकारिणी ने हरियाणा सरकार में कंवर संजय सिंह को राज्य मंत्री और भूपेंद्र चौहान को एसएस बोर्ड का सदस्य बनाने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार भी व्यक्त किया। सभा ने राज्य सभा सीट और पब्लिक सर्विस कमिशन में समाज के प्रतिनिधित्व की मांग को भी दोहराया। हरियाणा विस के चुनाव में 24 विधानसभा क्षेत्रों में प्रतिनिधि बनाने की रणनीति पर भी विचार किया। राव नरेश चौहान ने भाजपा, कांग्रेस सहित अन्य दलों से समाज की 8 प्रतिशत आबादी के अनुरूप टिकटों की मांग की। 1930 से 2024 तक के राजपूत जनप्रतिनिधियों की स्मारिका के नए संस्करण का विमोचन भी किया ।

कार्यकारिणी में राय सिंह सुहाता, अशोक तंवर , तिलक राज चौहान, यश पाल राणा, अजीत सिंह तंवर, सतीश परमार, डॉ. जसबीर परमार, डॉ. विजय पुंडीर , सुरेंद्र सिंह परमार , संदीप तंवर, संग्राम सिंह, जितेन्द्र भदोरिया ,मानसिंह राघव, भरत परमार, संजय सिंह बिष्ट आदि को शामिल किया गया।



# 73 लोगों ने किया रक्तदान

**रोहतक।** एमएस सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महामंडलेश्वर बाबा कपिलपुरी महाराज और डॉक्टर ध्रुव चौधरी (डीन अकेडमिक, बीडीएस यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस) मुख्य अतिथि रहे। शिविर में 73 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय निदेशक हिमांक मित्तल ने भी रक्तदान किया और सभी रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया। हिमांक मित्तल और प्रधानाचार्या रितु ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि भविष्य में भी वे इस प्रकार के रक्तदान शिविर का आयोजन करते रहेंगे और इसी प्रकार समाज सेवा में अपना योगदान देते रहेंगें।

# संयुक्त किसान मोर्चे की दो टूक, 20 तक मांगें हों पूरी, नहीं तो फिर शुरू होगा बड़ा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा की मीटिंग रविवार को छोटू राम धर्मशाला में हुई। इसकी अध्यक्षता इंद्रजीत सिंह,विकास सीसर, सुखविंदर, रणवीर मलिक ने संयुक्त तौर पर की। बैठक में किसानों के जो मुद्दे लंबे लंबित हैं,उन पर चर्चा करते हुए बताया गया कि सरकार मुद्दों को हल करने के लिए गंभीर नहीं है। मीटिंग में मोर्चे ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर 20 जुलाई तक प्रदेश के मुख्यमंत्री किसानों के मुद्दों पर बात करके समाधान नहीं करते तो एक बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी। मीटिंग में बताया गया कि संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय आह्वान के तहत किसानों के लंबित मुद्दों जिसमे फसल खरीद की गारंटी देने,लखीमपुर के शहीद किसानों को न्याय देने, भारत डब्ल्यूटीओ से बाहर आए,सिंघु और टिकरी बॉर्डर पर किसान



आंदोलन के शहीदों के लिए स्मारक की जगह देने,बिजली बिल वापिस लेने समेत अन्य मुद्दों पर संसद सत्र से पहले देश भर में लोकसभा और राज्यसभा के सांसदो को ज्ञापन देने से अपने आंदोलन का अगला चरण शुरू करेगा। बैठक में किसान सभा, बीकेयू (टिकैत), बीकेयू (एकता उग्रहा) , बीकेयू (घासी राम नैन), बीकेयू (मांगे राम) ,पगड़ी संभाल जट्टा,अखिल भारतीय किसान खेत मजदूर संगठन,राष्ट्रीय किसान मंच, क्रांतिकारी किसान यूनियन ,भारतीय किसान संघर्ष समिति,किसान महासभा ,किसान सभा (अजय भवन) आदि मौजूद रहे।



### पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधारोपण जरूरी: सहगल

**रोहतक।** नगर निगम के पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर एवं भाजपा नेता राजकमल सहगल ने कहा है कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधारोपण बेहद जरूरी है। हम सभी को एक एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। इससे पर्यावरण में सुधार होगा और प्रदूषण भी कम होगा। वे रविवार को भाजपा के पर्यावरण प्रमुख राजेश सुनारिया की अध्यक्षता में चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान में पहुंचे थे। राजेश सुनारिया ने बताया कि दो सौ पोधे लगाए गए। आगे इस अभियान से और लोगों को भी जोड़ा जाएगा। इस मौके पर अनुज सिंहमार, अजय सिंहमार, सत्यवान पांचाल, दीपक सिंहमार, बाबा रक्षक नाथ मौजूद रहे।

## 16 जुलाई तक खुलेगा पोर्टल, चौथी मेरिट लिस्ट 24 को आएगी

# आईटीआई की तीसरी लिस्ट जारी, शेष सीट पर होंगे दाखिले

- 16 जुलाई तक छात्र बदलाव कर सकते हैं अपने कोर्स में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

आईटीआई की तीसरी मेरिट लिस्ट जारी हो चुकी है। जिसमें शेष सीटों पर दाखिला प्रक्रिया होगी। वहीं 16 जुलाई तक छात्र अपने कोर्स में बदलाव कर सकते हैं। इसके बाद 18 जुलाई को विभाग द्वारा मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। इसी के साथ साथ विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच भी शुरू हो जाएगी। जो 22 जुलाई तक चलेगी। सभी दस्तावेजों की जांच करने के बाद फीस जमा करवाने की प्रक्रिया शुरू होगी। विद्यार्थी 23 जुलाई तक फीस जमा करवाकर अपना दाखिला सुनिश्चित करवाएंगे।

**चौथी मेरिट लिस्ट 24 को:** इसके बाद चौथी मेरिट लिस्ट 24 जुलाई को जारी की जाएगी। विद्यार्थियों को अपने कोर्स में बदलाव करने के लिए 26 जुलाई तक का समय मिलेगा। इसके बाद 30 जुलाई को मेरिट सूची और दस्तावेजों की जांच 5 अगस्त तक जारी रहेगी। इस लिस्ट के आधार पर विद्यार्थी 6 अगस्त तक छात्र फीस जमा करवाएंगे।

**ऑनलाइन फीस जमा करवानी होगी:** फीस जमा करवाने से पहले दस्तावेजों की जांच की जाएगी। वहीं ऑनलाइन माध्यम से ही विद्यार्थी फीस जमा करवाएंगे। सत्र 2024-25 में दाखिल विद्यार्थियों के आईडी कार्ड एवं रजिस्ट्रेशन नंबर दाखिला प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही जनरेट किए जाएंगे।

सीट आवंटित होने के बाद विद्यार्थी ने दाखिला नहीं लिया तो उसे आगामी दाखिला काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेना हो तो छात्र के लिए 500 रुपये और छात्रा को 250 रुपये जुर्माना राशि भरनी होगी। अन्यथा वह काउंसलिंग में भाग नहीं ले पाएगा।

### राजकीय आईटीआई में शेष सीट

कैटरिंग एंड होस्पिटेलिटी एसिसटेंट डुअल एनसीवीटी में 13, कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोगरामिंग एसिसटेंट में 6, ड्राफ्ट्समैन सिविल में 8, ड्राफ्ट्समैन मकैनिकल में 11, इलेक्ट्रीशियन 2, इलेक्ट्रोनिक्स मकैनिक डुअल 9, फिटर डुअल 8, फूड प्रोडक्शन जनरल डुअल 12, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर डुअल 6, मकैनिस्ट ग्राइंडर 14, मकैनिस्ट 9, प्लंबर डुअल 12, रेफरीजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग टेक्नीशियन 8, शीट मेटल वर्कर डुअल 14, स्टेनोग्राफर एंड सेक्रीटेरियन एसिसटेंट इंग्लिश 15, स्टेनोग्राफर एंड सेक्रीटेरियन एसिसटेंट हिंदी 5, टेक्निशियन पॉवर इलेक्ट्रोनिक सिस्टम 13, टूल एंड डाइ मेकर 16, टरनर 10, वायरमैन 7 सीटों पर दाखिले होने हैं।

### पीजी में दाखिलों के लिए खुला है पोर्टल

वहीं पीजी में दाखिलों को पोर्टल खुल चुका है। 25 जुलाई तक विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। पीजी की पहली मेरिट लिस्ट 30 जुलाई को जारी की जाएगी। 2 अगस्त तक विद्यार्थियों को फीस जमा करवानी होगी। ओपन काउंसलिंग 5 अगस्त को होगी और 6 अगस्त को आवेदन करने के लिए दोबारा पोर्टल खुलेगा। 7 अगस्त से 13 अगस्त तक लेट फीस के साथ ओपन काउंसलिंग की जाएगी। डिग्री कॉलेज में दाखिला लेने के लिए हरियाणा के विद्यार्थियों के लिए परिवार पहचान पत्र जरूरी है।



### सूची हो चुकी है जारी

तीसरी मेरिट लिस्ट जारी की जा चुकी है। इसमें शेष सीट पर दाखिला प्रक्रिया होगी, सभी दाखिले मेरिट के आधार पर ही होंगे।

-दाखिला नोडल अधिकारी कैप्टन अनिल कुमार, राजकीय आईटीआई